economies like India. At this point ot time, a final decision on participation in the Asia-EU Summit has not been taken.

(d) and (e) the criteria for expansion of membership of the ASEAN Regional Forum (ARF) is still under consideration by ASEAN. We have taken up the matter of India's membership of ARF with ASEAN and of India's participation in Asia-EU Summit with both ASEAN and EU partners and have indicated-that in any discussions on regional security and in representative Asia-EU Summit, India should be included.

गुजरात में चावल मिलों की स्थापना

6205. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :**
श्री अनन्तराय देवशंकर दवे :

क्या खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार वर्ष 1995-96 के दौरान गुजरात के कुछ जिलों में चावल मिलों की स्थापना करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने उक्त योजनाओं के लिए राज्य के किन-किन जिलों का चयन किया है; और

(ग) इस समय गुजरात में सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्र में पृथक-पृथक कुल कितनी चावल मिलें चल रही हैं और उनका वार्षिक उपादन कितना-कितना है तथा ये राज्य के किन-किन जिलों में स्थापित की गई है?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री तरूण गोगोई): (क) जी नहीं। भारत सरकार देश में चावल मिलों की स्थापना प्रत्यक्ष रूप से नहीं करती।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) गुजरात में अहमदाबाद, खेड़ा, भड़ौच, बड़ौदा, सूरत, वलसाड़ और साबरकंठा जिलों में 1091 चावल मिलें चल रही हैं। ये सभी मिलें निजी क्षेत्र में हैं और वर्ष 1994-95 में इन्होंने कुल मिलाकर लगभग 11.25 लाख टन वार्षिक उत्पादन किया।

मछुआरों द्वारा हड़ताल किए जाने के संबंध में समाचार

6206. **श्रीमती सुषमा स्वराज:**
श्री राम जेठमलानी:

क्या खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 20 मार्च, 1995 के "फाइनेंशियल एक्सप्रेस" में "80 लैक फिशरमैन प्लानिंग इनडेफिनिट स्ट्रिट इन मिड एप्रैल" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के संबंध में सरकार द्वारा घोषित नयी नीति के विरोध में देश के पारंपरिक मछुआरों द्वारा हड़ताल करने के बारे में सरकार को सूचित कर दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस मामले को और अधिक जटिल बनने से रोकने तथा बातचीत द्वारा इस मामले को सुलझाने के लिए पिछड़े वर्ग के छोटे मछुआरों को आमंत्रित करने की कोई पहल की है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री तरूण गोगोई): (क) जी हां।

(ख) जी हां।

(ग) और (घ) संयुक्त उद्यम के खिलाफ राष्ट्रीय मात्स्यिकी कार्रवाई कमेटी के प्रतिनिधियों को 18 मई, 1995 को सभी बकाया मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

मध्य प्रदेश में चावल मिलों की स्थापना

6207. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार वर्ष 1995-96 के दौरान मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में चावल मिलें स्थापित करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो राज्य के किन-किन जिलों तथा किन-किन स्थानों पर इन्हें स्थापित किया जाएगा; और

(ग) मध्य प्रदेश में इस समय कितनी चावल मिलें चल रही है और उनका वार्षिक उत्पादन कितना है?